# सकलडीहा पी0 जी0 कॉलेज

## सकलडीहा–चन्दौली

## छात्रवृत्ति और फ्रीशिप प्रदान करने के लिए महाविद्यालय का नीति दस्तावेज (2018–19)

महाविद्यालय अपने 'विजन' एवं मिशन के अनुरूप उच्च शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण युवाओं के संपूर्ण परिवर्तन के लिए एकजुट और दृढ़ हैं। महाविद्यालय युवाओं को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास पूर्ण भविष्य प्रदान करना चाहता है। इस उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए, महाविद्यालय अपने छात्रों को वित्तीय सहायता (फ्रीशिप) प्रदान करता है तथा महाविद्यालय स्तर पर, व्यक्तिगत स्तर पर, गैर सरकारी स्तर पर एवं सरकारी स्तर पर छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु सभी प्रकार की सहायता प्रदान करता है।

**लक्ष्य और उद्देश्य :–**

- छात्रों को सरकारी छात्रवृत्तियों के प्रति जागरूक करना एवं उसका लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करना।
- छात्रों को छात्रवृत्ति फॉर्म जमा करने में मदद करना।
- जरूरतमंद छात्रों (बी0पी0एल0 कार्ड धारक) को प्रवेश के दौरान पूर्ण/आंशिक शुल्क मुक्ति प्रदान करना।
- अनाथ छात्र/छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना।
- परातन छात्रों से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के लिए छात्रों की सिफारिश करना।
- निर्धन छात्र कोष से छात्र/छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने हेतु धन उपलब्ध कराना।

**छात्रवृत्तियाँ और निःशुल्क वित्तीय सहायता प्रदान करने की नीति।**

1. महाविद्यालय में एक छात्रवृत्ति समिति का गठन किया जायेगा, जो छात्रवृत्ति अनुभाग का अनुवर्तन करेगी। जो योग्य छात्रों द्वारा छात्रवृत्ति और फ्रीशिप फॉर्म भरने की देखभाल करेगी। साथ ही समिति अनुशंसा भी करती है।
2. जरूरतमंद एवं मेधावी छात्र/छात्राओं की शुल्क मुक्ति/वित्तीय सहायता प्रदान की जायेगी।
3. निर्धन छात्र/छात्राओं को निर्धन छात्र कोष से आर्थिक सहायता प्रदान की जायेगी।

| | |
|---|---|
| संयोजक | प्राचार्य |
| **IQAC** | |
| **डॉ0 पवन कुमार ओझा** | **डॉ0 प्रमोद कुमार सिंह** |
| **सकलडीहा पी0 जी0 कॉलेज** | **सकलडीहा पी0 जी0 कॉलेज** |
| **सकलडीहा–चन्दौली** | **सकलडीहा–चन्दौली** |